# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
## Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University
(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


पत्रांकः 1111 /वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0विवि0 /2023

दिनांकः 22/ 06 /2023

सेवा में,

सचिव,
सांई विकास समिति,
ई–ब्लॉक, मीडो प्लाजा, 26 राजपुर रोड,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः– **Letter of Consent के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया आपके पत्र संख्या शून्य दिनांक 17/06/23 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके कम में आपके सांई विकास समिति के अन्तर्गत संचालित सांई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, देहरादून में नवीन बी0फार्मेसी पाठ्यकम (60 सीट) संचालित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय से Letter of Consent की मांग की गयी है।

तत्कम में शासन के पत्र संख्या 751/XLI-A/2023/92/2022 दिनांक 15 जून, 2023 द्वारा सांई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राजपुर रोड, देहरादून में नवीन बी0फार्म0 पाठ्यकम (60 सीट) संचालित किये जाने हेतु राज्य सरकार की अनापत्ति कतिपय शर्तो के तहत प्रदान की गयी है:–

अतः उपरोक्त के कम में आपके अनुरोध तथा राज्य सरकार द्वारा दी गयी अनापत्ति के कम में मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त विश्वविद्यालय आपके संस्थान को सम्बद्धता सहमति पत्र (Letter of Consent) निम्न उपबंधों के अधीन प्रदान करता है:–

1. उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक संख्या 751/XLI-A/2023/92/2022 दिनांक 15 जून, 2023 में इंगित शर्तो का अनुपालन संस्थान द्वारा किया जाना अनिवार्य है। उक्त शर्तो के अनुपालन में यदि कोई कमी पायी जाती है, तो उक्त सम्बद्धता सहमति पत्र तत्काल प्रभाव से समाप्त मानी जायेगी।
2. फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सम्बन्धित संस्थान को बी0फार्म0 (60 सीट) हेतु मान्यता/स्वीकृति निर्गत होने उपरान्त ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश व अस्थाई सम्बद्धता हेतु विचार किया जायेगा।
3. संस्थान द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की मान्यता/स्वीकृति प्राप्त होने से पूर्व कोई भी प्रवेश नही लिया जायेगा और न ही ऐसे प्रवेश विश्वविद्यालय स्तर पर मान्य होंगे।
4. संस्थान को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की मान्यता/स्वीकृति विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकिया पूर्ण होने उपरान्त प्राप्त होती है, तो उक्त स्थिति में सम्बन्धित संस्थान के प्रवेश एवं अस्थाई सम्बद्धता हेतु किसी प्रकार की कार्यवाही विश्वविद्यालय स्तर पर नही की जायेगी। संस्थान को आगामी शैक्षिक सत्र में पुनः पी0सी0आई0, नई दिल्ली की समयबद्ध मान्यता/स्वीकृति प्राप्त होने उपरान्त प्रवेश व अस्थाई सम्बद्धता हेतु विचार किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा तथा सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की होगी।

कमशः–02

Scanned with OKEN Scanner

5. संस्थान को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा उपरोक्त नवीन फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित सीटों पर मान्यता/स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त न होने की दशा में विश्वविद्यालय स्तर पर सम्बन्धित नवीन फार्मेसी पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता/संस्थान में प्रवेश हेतु कोई कार्रवाई नही की जायेगी एवं सम्बद्धता सहमति पत्र (Letter of Consent) स्वतः समाप्त मानी जायेगी। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व/जिम्मेदारी नही होगी व सम्पूर्ण उत्तरदायित्व/जिम्मेदारी संस्थान की होगी।

6. विश्वविद्यालय स्तर पर प्रदान किये जाने वाले इस सम्बद्धता सहमति पत्र (Letter of Consent) की वैधता अवधि 02 वर्ष की होगी।

भवदीय

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

Registrar
Veer Madho Singh Bhandari
Uttarakhand Technical University
Dehradun, Uttarakhand

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, सांई विकास समिति, ई–ब्लॉक, मिडो प्लाजा, 26 राजपुर रोड, देहरादून।
3. कार्यालय प्रति।

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner